INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT AUTHORITY

(A GOVT.OF BIHAR UNDERTAKING)

Ist Floor, Udyog Bhawan, East Gandhi Maidan, Patna.

Email- md@idabihar.com Website-www.idabihar.com, Phone : 0612 - 2675914, 2675945, Fax- 2675889

नियुक्ति हेतु विज्ञापन – 03/Notice/IDA/15

आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार (आई0डी0ए0), बिहार सरकार का एक उपक्रम है। प्राधिकार का मुख्यालय पटना में अवस्थित है। आई0डी0ए0 बिहार राज्य के आधारभूत संरचना के विकास यथा सड़कों, भवनों, स्वास्थ्य, सिचाई, जल प्रबंधन हेतु संकल्पित है। आई0डी0ए0 जन निजी साझेदारी (पी0पी0पी0) हेतु राज्य सरकार की एक नोडल एजेंसी है।

आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार निम्न पद के लिए प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर आवेदन आमंत्रित करता है:–

Sl. No.	Name of the Post	Category wise no. of posts	Remuneration per month `	Qualification
1.	**Executive Engineer (Tech.)**	SC – 01	As per scale/ ` 60,000/- (समेकित)	B.Tech/B.E (Civil) with at least 10 years of experience.

सामान्य निर्देश :–

1. आवेदित पद का नाम लिफाफे के ऊपरी हिस्से पर स्पष्ट तौर पर लिखा होना चाहिए।
2. अनुबंध की अवधि एक वर्ष की होगी जो बाद में बढ़ायी भी जा सकती है।
3. अनुबन्ध पारिश्रमिक सभी भत्ते (15 प्रतिशत मकान किराया भत्ता) सहित है।
4. सभी पद व्यवसाय निषेध (नन प्रैक्टिशिंग) है।
5. केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा समर्थित बाह्य परियोजनाओं पर कार्य किए हुए व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
6. भारत सरकार/बिहार सरकार एवं इसके सार्वजनिक उपक्रमों से प्रतिनियुक्ति पर आने वाले अभ्यर्थियों को वेतन संरक्षण (पे प्रोटेक्शन) एवं प्रतिनियुक्ति भत्ता भारत सरकार/बिहार सरकार के नियम के तहत दी जायगी। आवेदको को आवेदन के साथ विभाग का अनापत्ति प्रमाण–पत्र देना अनिवार्य है।
7. आवश्यकता अनुसार एक से अधिक रिक्तियां होने पर बिहार सरकार की आरक्षण नीति लागू होगी।
8. चयनित उम्मीदवार बिहार के किसी भी हिस्से अथवा बिहार के बाहर भी पदस्थापित किये जा सकते है।
9. प्रतिनियुक्ति को छोड़कर उक्त पद के लिए दिनांक 08.06.2015 को अधिकतम आयु 50 वर्ष एवं सेवा निवृत्त कर्मियों के लिए अधिकतम आयु 63 वर्ष है।
10. सेवा निवृत उम्मीदवारों को बिहार पेंशन नियमावली के अंतर्गत अंतिम प्राप्त वेतन से पेंशन राशि घटाकर या अनुबंध पर निर्धारित पारिश्रमिक में से जो न्युनतम हो पदानुसार मासिक पारिश्रमिक के रूप में देय होगा।
11. आवेदन प्रपत्र का प्रारूप www.idabihar.com से प्राप्त किया जा सकता है।
12. आवेदन पत्र, दो फोटोग्राफ, ई–मेल, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, स्व–अभिप्रमाणित योग्यता/अनुभव प्रमाण पत्रों एवं **200/– रू0 का बैंक ड्राफ्ट** जो आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना के नाम पर, पटना में देय हो, के साथ डाक द्वारा **आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना– 800 004** के पते पर **दिनांक 08.06.2015 को 5:00 बजे अपराह्न** तक पहुँच जाना चाहिए।
13. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम पदाधिकारी से निर्गत जाति प्रमाण पत्र की प्रति आवेदन के साथ देना अनिवार्य होगा। आरक्षण की सुविधा उन्हीं उम्मीदवारों को मिलेगी जिनका स्थायी निवास बिहार राज्य में है।
14. अपूर्ण आवेदन पत्र एवं आवेदन जिनमें आकड़े पूर्ण न हो अथवा योग्यता/अनुभव/जाति प्रमाण पत्र की स्व–अभिप्रमाणित प्रति संलग्न न हो तथा अंतिम तिथि उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन तथा डिमाण्ड ड्राफ्ट संलग्न न हो तो वैसे आवेदन पत्र स्वतः रद्द हो जाएगें।
15. आई0डी0ए0 के पास किसी भी आवेदन को बिना कोई सूचना दिये रद्द् करने का अधिकार है। इस संबंध में प्रबन्ध निदेशक का निर्णय अन्तिम होगा।
16. किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्यायालय का अधिकार क्षेत्र पटना होगा।

निदेशक (प्रशासन)